सार-समाचार

योजनाओं के बारे में जानकारी दी

चूरू (निसं)। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी फैसलों, नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक पात्र व वंचित व्यक्ति तक पहुंच बना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार संकल्पित प्रयास कर रही है। इसी प्रकार राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास की राह पर दुगुनी गति से कदम बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने सवा साल में अपनी बजट की 50 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डॉ भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ मानकर संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के विशेष प्रयास किए है। इसी के साथ प्रदेश सरकार 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति, जनजाति की आबादी वाले गांवों में विशेष योजना लाने पर काम कर रही है। उन्होंने अनुजा निगम, अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं व आयोग के नीतियों, निर्णयों की जानकारी साझा की। इस दौरान एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़, महेन्द्र, सुरेश सैनी, राजेन्द्र प्रजापत, बुद्धरमल जांगिड़, विजेन्द्र सिहाग सहित अन्य उपस्थित रहे।

सरकारी स्कूल को वाटर कूलर भेंट

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। जिला प्रशासन से सम्मानित संतरा देवी आनंद कुमार बागडी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 9 नंबर में फिल्टर युक्त वाटर कूलर भेंट किया है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक महेंद्र कुमार माली की ओर से ट्रस्ट के समक्ष गर्मी के मौसम में बच्चों के लिए पीने के ठंडे पानी का अभाव बताते हुए वाटर कूलर ट्रस्ट की ओर से भेंट करने की मांग रखी थी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के लिए ठंडे पीने की व्यवस्था के लिए ट्रस्ट की ओर से फिल्टर युक्त वाटर कूलर भेंट किया गया। संस्था प्रधान ने बताया कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश बागड़ी सैनी बबीता बागड़ी, उज्जवल बागड़ी सहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त व गरिमामय समारोह में वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संतोष देवी प्रधानाध्यापिका, रश्मि अध्यापिका, अनीता अध्यापिका, महेंद्र कुमार माली अध्यापक, सरोज अध्यापिका, विनोद शारीरिक शिक्षा शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष रवीना, मनोज बेरवाल, विमला, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण देवी, सहायिका कविता, सहयोगिनी द्रोपदी देवी, छात्राध्यापिका निकिता, प्रियांशी, करिश्मा सहित विद्यालय का स्टाफ व विधार्थी मौजूद थे। विद्यालय में वाटर कूलर लगायें जाने पर संस्था की ओर से ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियो व आम नागरिकों ने पंचायत समिति मुख्यालय उप तहसील हमीरवास बड़ा को बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि प्रस्तावित पंचायत समिति मुख्यालय चांदगोठी पर आपत्ति दर्ज करवाई है। डॉ. कुलदीप ने बताया कि 24 ग्राम पंचायतों के एरिया में भौगोलिक रूप से उप तहसील हमीरवास बड़ा मध्य में स्थित है। सभी पंचायतें हमीरवास से 13 से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित है, जबकि चांदगोठी 35 से 40 किलोमीटर इस चिन्हित एरिया से दूर दक्षिण में स्थित है। ज्ञापन में बताया कि प्रशासनिक रूप से सभी पंचायत समिति व तहसील मुख्यालय अलग-अलग करना अतार्किक है। 1939 में हमीरवास थाने की स्थापना हुई, इसमें 98 गांव आते हैं। यहां सभी प्रकार के बैंक व अन्य राजकीय कार्यालय स्थित है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में सरपंच जीना देवी, राजपाल, राजवीर शर्मा, अजीत श्योराण, विजेंद्र, महेंद्र, रविंद्र, सुबेसिंह, उप प्रधान रामफल लम्बोरिया, बेवड़ सरपंच कुलदीप, रामपुर सरपंच नरेश बालाण, बिंजवास सरपंच प्रेम सिंह, हरपालु कुशाला सरपंच कर्मवीर कटारिया, निमा सरपंच मानसिंह रैबारी आदि उपस्थित थे।

राजस्थान पुलिस का स्थापना दिवस मनाया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में अंबेडकर सेवा समिति के द्वारा बुधवार रात्रि को राजलदेसर पुलिस थाना परिसर में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस थाना अधिकारी कमलेश सैनी का साफा माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही उपस्थित पुलिस स्टाफ का भी माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पुलिस स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अंबेडकर सेवा समिति ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की रैली में पुलिस का सराहनीय योगदान रहा आज पुलिस स्थापना दिवस भी इस मौके पर हमारी समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया है। थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने आभार जताते हुए कहा कि आम जन के सहयोग के बिना पुलिस कुछ भी नहीं कर सकती है यह सब आप सभी के कस्बे वासियों के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने पुलिस के ट्रैफिक नियम सहित अन्य नियम फॉलो करने की भी बात कही गई इस समिति के सदस्यों ने कहा कि युवाओं में एवं आमजन में जागरूकता लाने के लिए पुलिस सार्वजनिक स्थल पर पुलिस के नियम फॉलो करवाने हेतु नुक्कड़ बैठक आयोजित करें । इस अवसर पर समिति के अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

पंचायती समिति की बैठक हुई

पाटन (निसं)। पंचायती समिति पाटन के सभागार में प्रधान एवं विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पाक्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर गहन चर्चा हुई। बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजनाएं, महात्मा गांधी नरेगा योजना, तथा सांसद/विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना आदि से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों से योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।प्रधान महोदय ने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आव्हान किया ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। विकास अधिकारी महोदय ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत करने की बात कही। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, पंचायत समिति सदस्यगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अतिक्रमण के विरूद्ध ज्ञापन दिया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। गढ़वाले भैंरूजी के मन्दिर के रास्ते पर ईंट व बजरी डालकर रास्ते को अवरुद्ध कर किया गया । जिसके चलते मन्दिर के पुजारी परिवार के साथ दर्शनार्थियों के द्वारा धार्मिक भावनाओं के आहत होने से अतिक्रमण को रोकने के लिए उपखण्ड अधिकारी व नगरपालिका में ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही व उन्हे पाबंद करने की मांग की । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल गुर्जर, सचिव नेमीचंद गुर्जर, देवसेना तहसील अध्यक्ष अजय गुर्जर, एडवोकेट हरलाल धाभाई, सुमेर सिंह, अमिकेश, सुवालाल, सुरेंद्र,योगेश, हरीश, दिलीप, विशाल, हरिओम शर्मा, छोटू सिंह, राधेश्याम गुर्जर व अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

वृद्ध की मौत

रतनगढ़ (निसं)। सरदारशहर बाईपास पर स्थानीय नंन्दीशाला में हो रही शिव पुराण कथा के समापन पर आज गुरूवार को बहार निकलते समय अचानक गस खाकर 75 वर्षीय वृद्ध गिर गया, गिरने से बेहोश हुए वृद्ध को गंभीर हालत में लोगों ने राजकीय जिला चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय मृतक शिव कुमार हरियाणा के बहादुरगढ़ का निवासी बताया जा रहा। वहीं मृतक के परिजनों के आने के पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट पेश करने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कल 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे उपखंड कार्यालय के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सिहाग ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री के सीकर आगमन की तैयारियों का जायजा लिया

सीकर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 अप्रेल को सीकर आगमन पर स्वागत की तैयारियां तेज हो गई है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां व जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ गुरूवार को विभिन्न स्वागत स्थलों का दौरा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वागत स्थलों पर समुचित व्यवस्थाएं रखने, स्वागत स्थल, पीने का पानी, छाया सहित अन्य व्यवस्थाओं को

■ प्रशासनिक अधिकारियों को दिए समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सीकर आगमन पर स्वागत की तैयारियों का यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने जायजा लिया।

लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के साथ सभी पदाधिकारियों ने सीकर जिले की सीमा सरगोठ से लेकर सीकर सर्किट हाउस तक के स्थानों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के स्वागत स्थल सरगोठ, रींगस, पलसाना, बाजौर आदि जगहों पर व्यवस्थाओं को देखा।

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने अधिकारियों को रास्ते में किसी भी प्रकार की खामी नहीं रहे इसके सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री के स्वागत कार्यक्रम के लिए जिला संयोजक पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने प्रशासनिक अधिकारियों को पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत स्थलों पर की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने स्वागत स्थलों पर छायादार पांडाल की व्यवस्था के बारे में कहा। इस दौरान गजानंद कुमावत, स्वदेश शर्मा, तेजप्रकाश सैनी आदि साथ थे।

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जिला व विधानसभा संयोजक नियुक्त:-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जिले में स्वागत कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने जिला व विधानसभा संयोजक नियुक्त किए हैं। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जिला संयोजक पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को बनाया गया है। वहीं श्रीमाधोपुर विधानसभा के लिए तेजप्रकाश सैनी, खंडेला में विष्णु चेतानी, दांतारामगढ में गोविंदराम बिजारणियां, नीमकाथाना में राजकुमार जोशी, सीकर में राजेश रोलन, धोद में सरोज कडवासरा, लक्ष्मणगढ़ में रामसिंह पिपराली व फतेहपुर विधानसभा का प्रभारी महेंद्र जोशी को बनाया गया है।

नर सेवा को नारायण सेवा मानकर कार्य करना ही सच्ची सेवा है : सहारण

■ तीन दिवसीय निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का हुआ समापन

चूरू (निसं)। स्थानीय जीवन मल बच्छावत नेत्र अस्पताल में श्री गौरी शंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन के आर्थिक सौजन्य से व लायंस क्लब चूरू की ओर से आयोजित तीन दिवसीय लैंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित लैंस प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन के गौरीशंकर मंडावेवाला व निर्मला मंडावेवाला थे। वहीं प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा नेता नवरंग वर्मा, समाज सेवी पवन बगड़िया, लायन चंद्रशेखर अग्रवाल, अस्पताल प्रभारी डॉ. बजरंग सोनी, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिधर शर्मा व शिविर प्रभारी पूर्व शहर अध्यक्ष लायन दीनदयाल सैनी मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरी शंकर मंडावेवाला का सहयोग लायंस क्लब को ही नहीं अपितु पूरे चूरू शहर को मिल रहा है।

उन्होंने चूरू शहर में चल रही ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गौरीशंकर मंडावेवाला नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए चूरू की जनता की सेवा करते आ रहे हैं और वास्तव में यही सच्ची सेवा है। सहारण ने कहा कि कोविड के समय अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए गौरीशंकर निर्मला देवी फाउंडेशन में राजस्थान का दूसरा बड़ा ऑक्सीजन प्लांट लगवाया, जिसके माध्यम से हजारों लोगों की जान बची। इस अवसर पर गौरीशंकर मंडावेवाला ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर उनका ट्रस्ट चूरू के लोगों के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर लगाते रहने की घोषणा की।

शिविर प्रभारी लायन दीनदयाल सैनी ने इस निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि इस अस्पताल के कुशल डॉक्टरों की टीम ने 83 सफल ऑपरेशन किये, जिसमें एक 92 साल की महिला भी षामिल हैं। इस अवसर पर लायन मंगतूराम सैनी, मनोज जांगिड़, पुनित क्याल, आबिद खान, शैलेंद्र माथुर, रामचंद्र राजोतिया, रामचंद्र निराणिया सहित क्लब सदस्यों ने सहयोगी भूमिका निभाई।

राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने की मांग

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में गुरुवार को भी संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरनार्थियो का कहना है कि राजलदेसर में पंचायत समिति बनने के लिए सभी मापदंड पूरा करता है फिर भी पंचायत समिति ना बनाना राजलदेसर तहसील के लोगों के साथ घोर अन्याय है जब तक पंचायत समिति व कृषि उपज मंडी नही बनती है तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। वहीं अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष विजय पाल कडवासरा ने कहा अगर समय रहते हुए हमारी मांगे नहीं मानी गई तो उग्र आन्दोलन करेंगे व नेशनल हाइवे 11 को झाम करेंगे। किसान सभा अध्यक्ष कामरेड भादर भाम्भू, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जब्बार खोखर सहित लोगों ने धरने का समर्थन किया।

अति. जिला कलेक्टर शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनी

■ जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

सीकर (निसं)। राज्य सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी रूम में हुई।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर भावना शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप परिवादियों को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 73 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव सुंधाश पंत ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाये।

जनसुनवाई के दौरान तारबंदी योजना में अनुदान दिलवाने, सीमा ज्ञान करने, अतिक्रमण हटाने, पालनहार योजना का लाभ दिलाने, पेयजल समस्या का निराकरण कराने, भूमि से अतिक्रमण हटाने सहित कुल 73 परिवाद प्राप्त हुए, जिन पर एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, एसई एवीवीएनएल अरूण जोशी, एसई पीएचईडी आरके राठी, एसई पीडब्ल्यूडी जेपी यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी, परिवादी मौजूद रहे।

राजस्थान में भी समितियों का डाटा ऑनलाइन करने का कार्य जारी

झुंझुनूं, (निसं)। सहकारी समितियों में अब फर्जीवाड़े पर लगात लगेगी। साथ ही पूरा डाटा आनलाइन होने से पारदर्शी तरीके से होगा। यही नहीं पिछले साल की तरह इस साल भी राज्य सरकार प्रदेश में 2500 नई सहकारी समितियों का गठन करने का संकल्प लिया है। यह जानकारी दी है झुंझुनूं दौरे पर रहे सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने। एक दिन के दौरे पर झुंझुनूं पहुंचे दक ने कहा कि सहकारिता का फायदा हर आम किसान तक पहुंचाने के लिए कार्य हो रहे है। प्रदेश के सहकारिता व नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक एक दिन के झुंझुनूं दौरे पर रहे। इस दौरान झुंझुनूं पहुंचने पर सर्किट हाउस में विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया तथा पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया आदि की अगुवाई में दक का स्वागत किया गया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य मंत्री दक ने कहा कि जिन नई ग्राम सेवा सहकारी समिति का गठन हुआ है। उनमें जल्द ही चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समितियों में अनियमितता और फर्जीवाडा रोकने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की पहल पर सारे डाटा आनलाइन किए जा रहे है। जब राजस्थान के सभी सहकारी समितियों के डाटा आनलाइन हो जाएंगे। तो अनियमितता और फर्जीवाडे तो रूकेंगे ही। साथ ही समितियों के कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। उन्होंने बताया कि सरकार हर पंचायत को सहकारी समिति से जोड़ने का संकल्प लेकर आगे बढ रही है। पिछले साल भी 2500 के करीब नई सहकारी समिति गठित की गई थी। इस बार भी 2500 के करीब नई समितियों के गठन करने का काम किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक इससे पहले झुंझुनूं पहुंचे तो उनका जगह-जगह पर स्वागत किया गया। सभी जगहों पर कार्यकर्ताओं के साथ वे सादगी के साथ मिले। सर्किट हाउस में भी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का विश्वास दिलाया। साथ ही मुख्यमंत्री की प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने सहकारिता विभाग से जुडे अधिकारियों से झुंझुनूं जिले की स्थिति के बारे में जाना और कहा कि हर छोटी से छोटी समस्याओं को तत्परता के साथ समाधान देकर एक जवाबदेह शासन देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई हुई

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं शहर में पिछले महीने यातायात पुलिस और नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए मुख्य सडकों को अतिक्रमण मुक्त करवाया था। लेकिन समय बितने के साथ ही फिर से इन रोड पर अतिक्रमण हो गया। जिसके बाद अचानक गुरूवार को झुंझुनूं शहर की रोड नंबर एक पर स्थित राजकीय जिला बीडीके अस्पताल के सामने से लेकर कलेक्ट्रेट चौराहे और इसके बाद मंडावा मोड़ तक कार्रवाई की। करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई में दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया। साथ ही चेताया कि यदि अगली बार अतिक्रमण किया तो अतिक्रमियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। टीआई हरफूल मीणा ने बताया कि नगर परिषद के एसआई सुनिल कुमार के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम भी साथ रही।

मंडावा में पकड़े गए साइबर ठगों को जेल भेजा

मंडावा, (निसं)। कस्बे में गत दिनों पकडे गए साइबर ठगों को गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहे 10 साइबर ठगों को भी कोर्ट ने गुरूवार को जेल भेज दिया। मंडावा एसएचओ रामनिवास ने बताया कि इस मामले की जांच साइबर थाना प्रभारी डीएसपी रामखिलाड़ी मीणा के द्वारा की जा रही है। अब तक आरोपी अपने सरगना के रूप में दो नाम मिक्की और फ्रेडी को बता रहे थे। लेकिन दो दिन की पूछताछ में इनका एक और सरगना जस्टीन का नाम भी सामने आया है। जिनकी तलाश के लिए टीमें लगा दी गई है।

इस प्रकरण का पूरा खुलासा तीन मुख्य आरोपियों के पकडे जाने के बाद ही होगा। लेकिन झुंझुनूं पुलिस भी पकडे गए सभी 13 आरोपियों के खातों को खंगालने के अलावा इनके आपराधिक रिकॉर्ड को जुटा रही है। बार-बार पूछताछ में भी आरोपी खुद इस ठगी के कारोबार में नया-नया ही बता रहे है। एसएचओ रामनिवास ने बताया कि आरोपी अभी नए नए ही थे। जिनसे कॉल रिसिविंग करवाने के अलावा ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। पकडे गए 13 युवक-युवतियों का काम सिर्फ आने वाले कॉल को मिक्की, फ्रेडी और जस्टीन को ट्रांसफर करना था। आगे ठगी का पूरा काम ये तीनों ही करते थे। जिनकी तलाश

कस्बे में पकड़े गए साइबर ठगों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया।

की जा रही है। आपको बता दें कि मंडावा पुलिस, साइबर थाना पुलिस और साइबर सैल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मंडावा कस्बे की फतेहपुर रोड पर डीएसपी ग्रामीण हरिसिंह धायल के नेतृत्व में दबिश देते हुए 13 जनों को पकड़ा था। जो माइक्रोसाफ्ट का फर्जी कस्टर केयर सेंटर चलाते थे। ये लोग अमेरिकन लोगों को निशाना बनाकर ठगी करते थे।

गिरफ्तार तीन युवतियों मणिपुर की जुबलिया, अप्सरा प्रधान तथा नागालैंड की चिइजोतेउ लेचु को कोर्ट ने पूर्व में ही जेल भेज दिया था। जबकि साउथ दिल्ली के आकाश वीके, रमेश गुरूंग, दक्षिणी दिल्ली के मौसे चिंगरा, वेस्ट दिल्ली के जंगमिनखय डोंगल, पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग जिले के किस्मत गजनेर, आशीष ओझा, मणिपुर के इम्फाल जिले के अमित पोल, मेघालय के इस्काहिल्स शिलॉन्ग जिले के कुशाल थापा, मिजोरम के आईजोल थाना इलाके के पैट्रिक जोनुसंगा व यूपी के मुरादाबाद जिले के मोनू कुमार दो दिन के पुलिस रिमांड पर थे। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद गुरूवार को सभी को कोर्ट में पेश किया गया। इधर, मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर झुंझुनूं आए जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा ने मंडावा की कार्रवाई की जमकर सराहना की है।

उन्होंने मंडावा में अंतरराष्ट्रीय ठगी के गैंग को पकडने वाले मामले में झुंझुनूं पुलिस की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि मंडावा में हुई कार्रवाई प्रो पुलिसिंग का एक अद्भुत उदाहरण है। इस मामले में ना तो पुलिस के पास कोई पीड़ित था और ना ही कोई शिकायत थी। फिर भी पुलिस ने इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए ऐसे गिरोह को पकडा। जो विदेशियों से ठगी करता था।

इस मामले में पुलिस पूरी तह तक जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इसी तरह की गैंग गुरूग्राम और नोयडा में पकड़ी गई है। लेकिन ना तो कार्रवाई में और ना ही गैंग में, मंडावा कार्रवाई का कोई कनेक्शन नहीं है। क्योंकि नोयडा और गुरूग्राम आरोपी अलग थे। यहां पर आरोपी अलग थे।

सार-समाचार

साहवा को पंचायत समिति की बनाने की मांग

तारानगर (निसं)। प्रस्तावित पंचायत समिति भालेरी की बजाय साहवा को नव पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र गाँव सारायण के ग्रामवासियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के आदेश तहत ग्राम पंचायत सारायण को तारानगर पंचायत समिति से हटाकर भालेरी पंचायत समिति में जोड़ना प्रस्तावित कर दिया है जो गलत है जिससे आमजन में काफी रोष व्याप्त है। ग्राम पंचायत उप तहसील साहवा से जुडी हुई है, पुलिस थाना भी साहवा लगता है। उप तहसील व थाना साहवा होने के कारण पंचायत के समस्त लोगों को आवागमन भी साहवा से होता रहता है, जिससे गांव के काफी लोगों ने रोजगार हेतु अपने प्रतिष्ठान साहवा में स्थापित कर रखें है जहां से गावं के विभिन्न लोगों को रोजगार मुहैया होता है। साहवा जहां एशिया की सबसे बडी पराली मण्डी होने के कारण यहां काफी रोजगार के साधन उपलब्ध है। साहवा में राजकीय अस्पताल, राजकीय महाविद्यालय, नहर विभाग कार्यालय, जन.स्वा. अभियांत्रिक विभाग के कार्यालय के साथ साथ विभिन्न निजी शिक्षण संस्थान भी स्थित है यहां के लोगों के साथ पंचायत के लोगों की भावनाएँ जुडी हुई है जिनके साथ आत्मीय रिश्ते है। राजनैतिक द्वैषता के चलते साहवा उप तहसील द्वारा पंचायत समिति बनने के समस्त अहरताऐं पूरी करने के बावजूद भी साहवा को पंचायत समिति न बनाकर भालेरी को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित किया है जो क्षेत्र के जनभावनाओं के खिलाफ है। भालेरी ग्राम पंचायत में किसी भी प्रकार की आम सुविधाएँ नहीं है इस कारण भालेरी पंचायत समिति बनने के योग्य नहीं है। इस मोके पर एडवोकेट पवन योगी, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष हरुनाथ जाखड़, बीरबल नाथ, किशननाथ, जगदीश नाथ, राकेश योगी, एडवोकेट प्रदीप योगी, दीपाराम मेघवाल, रोताश नाथ सहित सारायण गाँव के काफी लोग उपस्थित रहे।

झुंझुनूं जिले में 500 परिंडे लगाने का संकल्प

झुंझुनूं, (निसं)। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर विद्युत श्रमिक संघ की ओर से जिलेभर में पक्षियों के लिए पानी और चुग्गे की व्यवस्था के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 500 परिंडे लगाने का निर्णय लिया गया है। जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान झुंझुनूं शहरी, झुंझुनूं ग्रामीण, मंडावा, बगड, चिडावा, पिलानी, बुहाना, बड़ागांव आदि उपखंडों में संचालित किया जाएगा। परिंडे लगाकर नियमित रूप से उनमें पानी व दाना (चुग्गा) डाला जाएगा। ताकि गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके। संघ ने इस कार्य को नियमित अभियान के रूप में जारी रखने का संकल्प लिया है। अभियान के तहत झुंझुनूं शहरी उपखंड में सहायक अभियंता अरविंद कुमार, राजस्व अधिकारी पंकज शर्मा, सुनिल शर्मा, सोमेश स्वामी, अनिल मीणा, जितेश सैनी, राकेश चाहर, अजय जांगिड़, वसीम अली, विशाल करणावत, होशियार सिंह, सीताराम योगी, पूर्णमल और शीशराम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीण झुंझुनूं क्षेत्र में सत्यप्रकाश शर्मा, नवीन डांगी, नरेश कुमार आदि ने अभियान को सफलतापूर्वक चलाया।

विश्व धरोहर दिवस का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। श्री राधेश्याम आर मोरारका महाविद्यालय में विश्व धरोहर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वैश्विक स्तर पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्व, उनके अस्तित्व के संभावित खतरों व उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रतिवर्ष 18 अप्रेल को विश्व धरोहर दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर मंजू चौधरी ने विद्यार्थियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यूनेस्को द्वारा चिन्ह